**Regarding lack of medical facilities in Sone Lal Patel Medical College**

**डॉ. शिव पाल सिंह पटेल (प्रतापगढ़) :** माननीय सभापति महोदया, मैं, डॉ. एस.पी. सिंह पटेल आपको धन्यवाद देता हूँ कि आपने मुझे बोलने का समय दिया ।

महोदया, मैं आपका ध्यान उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में डॉ. सोने लाल पटेल मेडिकल कालेज की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ । वहाँ पर मेडिकल सुविधा नगण्य है । वहां के लोग कहते हैं कि जिला अस्पताल को मेडिकल कॉलेज का दर्ज़ा दे दिया गया है, लेकिन वहाँ की सुविधाएं आज भी जिला अस्पताल स्तर की ही है जबकि दूसरे जिलों के मेडिकल कालेजों में काफी सुविधाएं हैं । इस मेडिकल कॉलेज में क्रिटिकल केयर यूनिट और ट्रामा सेन्टर नहीं हैं । वहां पर न्यूरो सर्जन, मनोचिकित्सक और हार्ट की बीमारी के डाक्टर भी नहीं हैं, तो वहां इलाज क्या होगा? एम.आर.आई. मशीन तो वहां लगी है, लेकिन इसके लिए वहां कोई ऑपरेटर नहीं है । लोगों को हर जाँच के लिए किसी प्राइवेट अस्पताल में या दूसरे जनपद में जाना पड़ता है । यहां सिर्फ नाम के लिए मेडिकल कॉलेज खोला गया है, पर उसकी उपयोगिता कुछ भी नहीं है, जिस कारण से वहां आये दिन बहुत से मरीजों की मृत्यु भी हो जाती है और मेडिकल कॉलेज प्रशासन पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ता है । वहां के डायलिसिस सेन्टर में कम बेड होने के कारण जाँच के लिए मरीजों को लम्बे समय तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है । वहां सिर्फ नाम के लिए मेडिकल कॉलेज है । वहां पूरे टीचर्स भी नहीं हैं, तो आगे पढ़ने वाले डॉक्टर क्या सीखेंगे?

महोदया, अतः आपसे अनुरोध है कि सदन के माध्यम से लोक महत्व के इन बिंदुओं पर ध्यान देते हुए उपरोक्त सभी सुविधाएँ उपलब्ध करायी जाएं । स्वास्थ्य मंत्री जी इस पर ध्यान दें ।